# सड़क के किनारे खड़े पुराने कंडम वाहनों को नहीं हटाने वालो पर अपराध कायम होगा, उन्हे मिलेगी सजा

**भिलाईनगर।** आज नगर निगम भिलाई क्षेत्र में नेशनल हाईवे एवं सर्विस रोड पर रखी हुई पुरानी गाड़ियों को हटाने के लिए नगर निगम भिलाई के सभी जोन के अधिकारी एवं यातायात विभाग के अधिकारीध्कर्मचारियो का संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। यह अभियान नेहरू नगर चौंक से शुरू होकर खुर्सीपार तक चला। सर्वप्रथम जो भी जीर्ण–शीर्ण पुराने वाहन सड़क के किनारे एवं सर्विस रोड पर खड़े पाए गए। उन सभी गाड़ियो पर नोटिस चस्पा किया गया। जो चलायमान गाड़ी सड़क पर खड़ा करके सड़क जाम किया गया था, उस पर यातायात विभाग के द्वारा 20 वाहनो को चालान काट कर कोर्ट में पेश किया गया एवं 5 वाहनों पर 500–500 रूपये का फाईन काटा गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, यातायात विभाग से ए.एस.पी. रिचा मिश्रा, एस.आई. यशवंत राठौर, ए.एस.आई. राजकुमार दुबे, आरक्षक रूपेश ठाकुर, विजय शर्मा, आशीष शुक्ला संयुक्त रूप से सड़को पर निकले। देखने में आया कि पुरानी मोटर साईकल, स्कूटर, कार, जीप, आटो, टेम्पो, मिनी बस, मेटाडोर इत्यादि को सड़को पर खड़ा कर दिए है। उससे आवागमन पुरी तरह बाधित हो रहा है। वे सब गाड़ियां वर्षो से पड़ी है, हटाई नहीं जा रही है। ऐसे तमाम प्रकार के वाहनों पर नोटिस चस्पा किया गया। जिसके मालिक का पता चला उससे बात किया गया, सभी को 24 घंटे का समय दिया गया है। अपने–अपने वाहनो को हटा ले नहीं तो यातायात विभाग द्वारा सभी वाहनों को जप्ती बनाकर निलामी की कार्यवाही की जावेगी। पावर हाउस मार्केट के समीप बने डोम शेड में कबाड़ की गाड़ी एवं कबाड़ी का समान रखा हुआ था, उसे तत्काल हटाने का नोटिस दिया गया। जी.ई. रोड एवं सर्विस रोड मिलाकर 450 से अधिक पुरानी कंडम गांडियां सड़को पर खड़ी है, सभी पर कार्यवाही की जावेगी। अगले कदम के रूप में जो भी पुराने वाहन की खरीदी बिक्री करने वाले एजेंसी है, उन पर भी कार्यवाही की जावेगी। उनके द्वारा आने–जाने वाले जगहो पर पुरानी गांड़ियां खड़ी करके बेची जा रही है। उन पर भी चालानी कार्यवाही के साथ–साथ जप्ती की कार्यवाही होगी। इसके कारण शहर की शोभा बिगड़ रही है, आवागमन बाधा हो रहा है और आए दिन दुर्धटना की संभावना बनी रहती है। कार्यवाही के दौरान जोन राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, शरद दुबे, बालकृष्ण नायडू, प्रशन्न तिवारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी अपने–अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

